**02/04**/2026

आकाशवाणी ईटानगर

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज अरुणाचल राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की 5वीं शासी निकाय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि, स्वयं सहायता समूहों (SHG) के उत्पादों के लिए बाज़ार संपर्क सुधारने, डिजिटल एवं वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने, युवाओं को ग्रामीण उद्यम अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने तथा कृषि, बागवानी और वन उपज की मूल्य श्रृंखला को मजबूत करने पर ध्यान कैंद्रित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि यह मिशन आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी अरुणाचल प्रदेश की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

0000000000000000000000

नाहरलागुन पुलिस और गुवाहाटी के पान बाजार स्थित पुलिस के संयुक्त प्रयास के तहत, गत छब्बीस मार्च 2026 को अरुणाचल प्रदेश के नाहरलागुन से लापता हुई एक नाबालिग लड़की को असम के गुवाहाटी से सुरक्षित वापस लाया गया है। बताया गया है कि लड़की पढ़ाई में खराब प्रदर्शन के कारण माता-पिता के डर से घर से निकल गई थी। और इस दौरान दो संदिग्ध महिलाओं ने उसे बहकाने की कोशिश की, जिससे मानव तस्करी की आशंका जताई गई।

पुलिस के पहुंचने पर दोनों संदिग्ध महिलाएं फरार हुईं। लड़की को सुरक्षित उसके माता-पिता के पास वापस भेज दिया गया।

0000000000000000000000

उच्च एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय और शिक्षा विभाग के तत्वावधान में नामसाई जिले के सी.पी. नामचूम सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज में आज से 4 अप्रैल तक TECHXPLORE 2.0 - इंटर पॉलिटेक्निक कॉलेज मीट 2026 का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उपमुख्यमंत्री चौना मेन एवं शिक्षा मंत्री पी. डी. सोना ने भाग लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने स्वर्गीय सी.पी. नामचूम को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीतल से बनी उनकी प्रतिमा का अनावरण कर नए ऑडिटोरियम का उद्घाटन भी किया।

0000000000000000000000

ईस्ट सियांग जिले के रुक्सिन सर्कल के आठ गांवों के निवासियों द्वारा फेरो-सिलिकॉन फैक्ट्री के खिलाफ आज फिर से शिकायत दर्ज कराई है। ग्रामीणों का आरोप है कि फैक्ट्री ने बिना जनसुनवाई के और अवैध तरीके से नो-ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट (NOC) प्राप्त किया है। निगलोक और ङोरलुंग-रालुंग गांवों के गांव बुढों का कहना है कि कंपनी के प्रतिनिधियों ने उन्हें गलत जानकारी देकर गुमराह किया था। ग्रामीणों ने NOC रद्द करने, स्वतंत्र जांच और जनसुनवाई की मांग की है।

प्रदूषण को लेकर चिंताओं एवं नागरिकों के स्वास्थ्य पर पड़ते दुष प्रभावों के बीच उन्होंने मैसर्स एथेर एलोयस के खिलाफ़ रैली और बैठक कर सरकार से कार्रवाई की मांग की हैं।

0000000000000000000000

पिछले एक सप्ताह में लोअर सुबनसिरी ज़िले के ज़ीरो स्थित सिखे लेक में नौ प्रजातियों के सौ से अधिक प्रवासी पक्षियों को देखा गया। इनमें **मल्लार्ड डक**, **नॉर्दर्न शोवेलर**, **फेरुजिनस डक**, **यूरेशियन विजन**, **टफ्टेड डक**, **गैडवॉल**, **नॉर्दर्न पिनटेल**, **गार्गनी** और **ग्रेट क्रेस्टेड ग्रीब** शामिल हैं। आने वाले हफ्तों में और प्रजातियों के आने की उम्मीद की जा रहीं है। साल 2019 से Ziro Birds Walk की टीम लगातार पक्षियों के प्रवास की निगरानी कर रही है और नवंबर से मई के बीच जलपक्षियों की गणना करती है। यह कार्य Siikhe Multipurpose Society के सहयोग से किया जा रहा है।

0000000000000000000000

होलोंगी स्थित दोन्यी पोलो एयरपोर्ट को क्षेत्रीय संपर्क बढ़ाने के लिए “RCS-UDAN के तहत सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डा” पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। साथ ही, पर्यावरण-अनुकूल अवसंरचना के लिए इसे GRIHA 4-स्टार (प्रावधिक) रेटिंग भी प्राप्त हुई है।

0000000000000000000000

उपायुक्त नामग्याल आंगमो की अध्यक्षता में तवांग नगर पंचायत के गठन को लेकर आज उपायुक्त कार्यालय, कॉन्फ्रेंस हॉल में एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान ईटानगर से टाउन प्लानर तानी तालो ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए नगर निकाय की संरचना और महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत प्रस्तुति प्रदान की।

0000000000000000000000

विश्व ऑटिज़्म जागरूकता दिवस के अवसर पर कल और आज दोईमुख स्थित सरकारी कॉलेज में “ऑटिज़्म और न्यूरोडाइवर्सिटी की समझ”विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। इसका आयोजन अंग्रेजी विभाग और IQAC द्वारा किया गया था। कार्यशाला में शुरुआती पहचान, शिक्षकों की भूमिका, समाज में इसके नकारत्मक समझ को खत्म करने और समावेशिता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। इसमें 150 से अधिक छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने भाग लिया।

0000000000000000000000

दापोरिजो स्थित सचिवालय कॉन्फ्रेंस हॉल में आज मानसून तैयारी को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त तथा जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष तासो गाम्बो द्वारा किया गया। बैठक में सभी विभागों को आपदा प्रबंधन में अपनी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से तय करने और पूरी तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

0000000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के 14 ज़िलों ईस्ट कामेङ, कुरुङ कुमे, पापुम पारे, लोअर सुबनसिरी, ईस्ट सियाङ, वेस्ट सियाङ, लोअर सियाङ, दिबाङ वैली, लोअर दिबाङ वैली, लोहित, आंजाव, चाङलाङ, तिराप और लोङदिङ के लिए अगले 24 घंटों में अलग अलग स्थानों में ग़रज के साथ बिजली गिरने और बहुत तेज बारिश का येलो अलेर्ट जारी किया हैं।

0000000000000000000000